हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 30 मार्च 2026


तापमान
अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 17.7 डिग्री


14 कोर्ट कॉम्प्लेक्स के साथ लघु सचिवालय ...




14 भाली में समाज सेवा की नई उड़ान : हर घर बनाएंगे ...






## मुफ्त वाई-फाई सहित कई घोषणाएं अधूरी, कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

# प्रॉपर्टी आईडी की त्रुटियां जस की तस, निगम कार्यालय के चक्कर काट-काटकर थके लोग



■ शहर के पार्क, बस स्टैंड, सामुदायिक केंद्र अस्पताल व कालेज की मांग ठंडे बस्ते में

■ सफाई व्यवस्था को लेकर लगातार मिल रही हैं शिकायतें, बीमारियों का बना रहता खतरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

नगर निगम क्षेत्र में प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी त्रुटियां एक साल बाद भी दूर नहीं हो पाई हैं, जिससे आम नागरिकों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रॉपर्टी रिकॉर्ड में गड़बड़ियों के कारण लोग बार-बार निगम कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं, लेकिन समस्याओं का स्थायी समाधान अब तक नहीं निकल पाया है। इसको लेकर अब नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। शहर के कई क्षेत्रों में लोगों का आरोप है कि प्रॉपर्टी आईडी में नाम, क्षेत्रफल और मालिकाना हक से जुड़ी गलतियां लगातार बनी हुई हैं। इन त्रुटियों को ठीक करवाने के लिए नागरिक जरूरी दस्तावेज जमा करवाने के बावजूद महीनों से इंतजार कर रहे हैं। इससे प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने और अन्य सरकारी कार्यों में भी बाधा आ रही है। इसी बीच नगर निगम चुनाव के दौरान की गई अन्य घोषणाएं भी अधूरी पड़ी हैं। खासतौर पर मुफ्त वाई-फाई सुविधा, जिसका युवाओं को बेसब्री से इंतजार था, एक साल बीतने के बाद भी जमीन पर नहीं उतर पाई है। चुनावी वादे के अनुसार शहर के पार्क, बस स्टैंड, सामुदायिक केंद्र, अस्पताल, कॉलेज और प्रमुख चौराहों पर मुफ्त वाई-फाई उपलब्ध करवाया जाना था, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस प्रगति नजर नहीं आई है।

### कर्मचारियों पर लग रहे भ्रष्टाचार के आरोप

नगर निगम के कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगातार लग रहे हैं, जिससे आमजन में असंतोष बढ़ रहा है। इसके अलावा सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव एक साल बाद भी नहीं हो पाना प्रशासनिक निष्क्रियता को दर्शाता है। नगर निगम की प्राथमिक समस्याएं जैसे प्रॉपर्टी आईडी की गड़बड़ियां अब तक जस की तस बनी हुई हैं, जबकि चुनावी वादे अधूरे पड़े हैं। ऐसे में आम नागरिकों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द इन मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देगा और उन्हें राहत मिलेगी।

### जल्द दूर होंगी समस्याएं : मेयर



इस संबंध में मेयर रामअवतार वाल्मीकि का कहना है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए मुफ्त वाई-फाई सुविधा को जल्द शुरू किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि अन्य लंबित कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। लोगों का आरोप है कि शहर में सफाई व्यवस्था की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। कई इलाकों में नियमित सफाई नहीं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे लोगों को गंदगी और बीमारियों का खतरा बना हुआ है। यातायात व्यवस्था भी बिगड़ी हुई है, जहां जाम और अव्यवस्था आम समस्या बन चुकी है।

## खबर संक्षेप

### राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में एक अप्रैल को पीटीएम

**रोहतक।** जिले के सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में आगामी 1 अप्रैल को एक विशेष 'मेगा पीटीएम' (अभिभावक-शिक्षक बैठक) का आयोजन किया जाएगा। शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुसार, इस बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के वार्षिक परीक्षा परिणामों को साझा करने के साथ-साथ निपुण भारत मिशन के तहत निर्धारित लक्ष्यों पर अभिभावकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी (डीईईओ) दिलजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यालय के आदेशानुसार जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों को इस मेगा पीटीएम को अनिवार्य रूप से आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में बाल वाटिका-3 से लेकर कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों के वार्षिक मूल्यांकन परिणामों की घोषणा की जाएगी। शिक्षकों द्वारा प्रत्येक छात्र के शैक्षणिक प्रदर्शन, उनकी सीखने की क्षमता और व्यक्तिगत अनुभवों को विस्तार से माता-पिता के समक्ष रखा जाएगा।

### दिव्यांग रेखा ने व्हीलचेयर तलवारबाजी में जीते 2 पदक



**बहादुरगढ़।** नगर परिषद में कार्यरत दिव्यांग रेखा देवी ने राष्ट्रीय स्तर की व्हीलचेयर तलवारबाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण व रजत पदक हासिल किए हैं। मूल रूप से चरखी दादरी के मकड़ानी गांव निवासी रेखा देवी ने जयपुर में आयोजित दूसरी राष्ट्रीय पैरा फेंसिंग चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा में स्वर्ण और व्यक्तिगत श्रेणी में रजत पदक जीता। बता दें कि रेखा दोनों पैरों से विकलांग हैं। एक मित्र ने उन्हें पैरालंपिक गेम्स के बारे में बताया तो उन्होंने वर्ष 2015 में एथलेटिक्स में जैवलीन व डिस्कस थ्रो खेलना शुरू किया। राष्ट्रीय स्तर पर 2016 व 2017 में पदक भी जीते। गेम्स के आधार पर ही 2019 में उनकी नौकरी लग गई। इसके बाद उन्होंने छह माह पहले ही दोबारा से खेलना शुरू किया, लेकिन इस बार उसने व्हीलचेयर फेंसिंग का अभ्यास शुरू किया। बहादुरगढ़ नगर परिषद में जारी कार्यकाल के दौरान उन्होंने लगातार पांचवें साल नेशनल लेवल पर पदक जीते हैं। इस बार उन्होंने जयपुर में हुई दूसरी नेशनल पैरा फेंसिंग चैंपियनशिप के दौरान टीम एपी में एक गोल्ड मेडल तथा व्यक्तिगत साबरे में एक सिल्वर मेडल जीता। कार्यकारी अधिकारी संजय रोहिल्ला ने उन्हें बधाई दी।

# भाजपा कार्यकताओं को अनुभवी वक्ताओं के मार्गदर्शन का मिला लाभ : रणवीर सिंह

## जिला रोहतक के 15 मंडलों का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

■ प्रशिक्षण उपरांत कार्यकर्ता करें जमीनी स्तर पर इस प्रशिक्षण का क्रियान्वयन

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत सभी 15 मंडलों के प्रशिक्षण सम्पन्न हुए। सुनारियां मंडल में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक विषयों, विचारधारा एवं जनसेवा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम का आयोजन एक निजी हॉल, गांव खेड़ी साध बाईपास के समीप किया गया। शिविर के दौरान विभिन्न सत्रों में अनुभवी वक्ताओं ने अपने-अपने विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान "कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि" विषय पर भाजपा जिला प्रभारी सत्येन्द्र परमार ने संगठन विस्तार की रणनीतियों को विस्तार से समझाया। "वैचारिक अधिष्ठान" विषय पर शीशपाल चौहान ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की मूल विचारधारा एवं सिद्धांतों से अवगत कराया। "बूथ प्रबंधन" विषय पर राजकुमार शर्मा ने जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के उपाय बताए। "इतिहास व विकास" विषय पर प्रदीप जैन ने पार्टी की विकास यात्रा और उपलब्धियों को विस्तार से प्रस्तुत किया। द्वितीय दिवस के पहले सत्र में "सोशल मीडिया, आई.टी." विषय पर पंकज भारद्वाज ने डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी, जबकि "कार्य पद्धति" विषय पर अजय खुंडिया ने संगठनात्मक कार्यशैली को व्यवस्थित ढंग से समझाया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ तथा सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं

अध्यक्षीय भाषण में जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत प्रत्येक कार्यकर्ता दस कार्यकर्ताओं के बराबर ऊर्जा के साथ कार्य करेगा और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण के बाद पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ संगठन के दायित्वों का निर्वहन करें और जमीनी स्तर पर उतर समाज के अंतिम और वंचित व्यक्तियों तक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को पहुंचाएं।

# बनियानी के विक्रम हत्याकांड में हुई 15 गांवों की पंचायत, सख्त कार्वाई की मांग

■ 4 मार्च को दुल्हेंडी के दिन हुई थी हत्या, न्याय का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



भिवानी रोड स्थित गांव बनियानी में विक्रम मर्डर केस में 15 गांवों की पंचायत हुई। पंचायत के दौरान पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट परिवार ने मामले में आईजी से दोबारा मिलकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई। 4 मार्च को दुल्हेंडी के दिन आरोपियों ने विक्रम के साथ मारपीट की, जिसमें गंभीर रूप से घायल विक्रम की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि उनकी तरफ से 26 लोगों के नाम दिए गए थे, जो अभी भी गांव में घूम रहे है।

# मनुष्य सत्य की खोज के लिए प्रयासरत : प्रमोद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



हरियाणा ज्ञान-विज्ञान समिति रोहतक का त्रिवार्षिक जिला सम्मेलन 29 मार्च को किशनपुरा की चौपाल में संपन्न हुआ। सम्मेलन की शुरुआत में डॉ. सुधीर शर्मा, रामधीर खटकड, और डॉ बलराम कादियान के जाने पर शोक प्रस्ताव रखा गया। उनका हमारे बीच से जाना संगठन के लिए बड़ा नुकसान है। इसके बाद गांधी स्कूल के बच्चों द्वारा गाए गए गीतों 'इसलिए राह संघर्ष की हम चुनें' और 'तू कर संग्राम ऐ साथी' से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। डॉ. रणबीर सिंह दहिया ने बताया कि हमने हरियाणा में 1980 के दशक में ज्ञान विज्ञान आंदोलन की नियम रखी थी और हम हरियाणा के तमाम समुदायों को शामिल करके साझी संस्कृति का निर्माण करना चाहते हैं। परन्तु पिछले कुछ सालों से देश की विविधता पर हमला हो रहा है। राज्याध्यक्ष प्रो. प्रमोद गौरी ने 'वर्तमान परिस्थिति और ज्ञान-विज्ञान आंदोलन की भूमिका' पर बातचीत रखी। उन्होंने अपने वक्तव्य में भारत के पूरे 5 हजार साल के इतिहास पर बात रखी। उन्होंने बताया कि महात्मा बुद्ध ,राजा राममोहन राय देश और दुनिया के सभी समाज सुधारक सत्य की खोज पर जोर देते थे।

### एक दिवसीय कार्यशाला में गवर्नमेंट कॉलेज के छात्रों को बताए रोजगार हासिल करने के तरीके



**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में प्लेसमेंट सेल के अंतर्गत एक दिवसीय वर्कशॉप आयोजित की गई। वर्कशॉप में ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी हिसार के विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को रोजगार हासिल करने के तरीके बताए गए। कॉलेज की प्लसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. सुनील कुमारी ने बताया कि इस वर्कशॉप का मकसद यूनिवर्सिटी द्वारा अप्रैल महीने में आयोजित किए जाने वाले जॉब फेयर में छात्रों की भागीदारी के लिए उनको प्रोत्साहित करना था। इस दौरान छात्र छात्राओं को इंटरव्यू, रिज्यूम राइटिंग व प्रस्तुतीकरण आदि विषयों की बारीकी से जानकारी दी गई।

# पुलिस ने साइबर अपराध को लेकर जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



■ साइबर अपराधियों से सतर्क रहें आमजन : एसपी सुरेंद्र भौरिया

साइबर अपराधों के लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए रोहतक पुलिस ने आम जनता के लिए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि आजकल साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। इनमें सबसे आम तरीका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक और अन्य ऐप्स के माध्यम से लोगों को ब्लैकमेल करना है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अपराधी पहले किसी अनजान व्यक्ति के रूप में संपर्क करते हैं और पीड़ित को अपनी पर्सनल फोटो या वीडियो भेजकर उकसाते हैं। इसके बाद वे वीडियो कॉल के जरिए अश्लील गतिविधियों में फंसाकर उसकी रिकॉर्डिंग कर लेते हैं। बाद में इसी रिकॉर्डिंग को आधार बनाकर पीड़ित को ब्लैकमेल किया जाता है। अपराधी धमकी देते हैं कि यदि पैसे नहीं दिए गए तो उसकी वीडियो, फोटो और चैट को उसके दोस्तों और कॉन्टेक्ट लिस्ट में वायरल कर दिया जाएगा। डर और शर्म के कारण कई लोग इन अपराधियों के झांसे में आकर उनके द्वारा बताए गए बैंक खातों में पैसे जमा करवा देते हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के मामलों में घबराने की बजाय तुरंत कानूनी मदद लेनी चाहिए।

### एसवीएम स्कूल के अध्यापकों को बोर्ड करेगा सम्मानित



छात्रा दिव्यांशी ने 2024-25 में 10वीं कक्षा में पाया था पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान

**रोहतक।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी ने प्रदेश की मेरिट सूची में दूसरा स्थान हासिल करने वाली छात्रा दिव्यांशी के स्कूल अध्यापकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। बोर्ड ने इस उपलब्धि और बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए स्कूल प्रबंधन को पत्र भेजकर, योग्य शिक्षकों के नाम एक सप्ताह के भीतर भेजने के निर्देश दिए हैं। ए स वी ए म विद्यालय की छात्रा दिव्यांशी ने सत्र 2024-25 में 10वीं कक्षा में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। छात्रा के पिता लवली तनेजा ने बताया कि बेटी ने 500 में 496 अंक प्राप्त किए थे जिसके बाद मुख्यमंत्री ने भी पंचकूला में उसको सम्मानित किया।

## निर्मल छाया कॉम्प्लेक्स में सिर्फ एक दिन में बनाई 18 फीट की वॉल पेंटिंग

# सुपवा की पेंटिंग को दिल्ली सीएम से मिली सराहना

पेंटिंग में महिलाओं व बच्चों के सशक्तिकरण एवं कल्याण की पहलों को किया गया प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक



रोहतक। वॉल पेंटिंग को अंतिम रूप देते डीएलसीसुपवा के छात्र कृष्णा।

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के छात्र की बनाई वॉल पेंटिंग को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत सभी अतिथियों ने जमकर सराहा। पेंटिंग दिल्ली स्थित निर्मल छाया कॉम्प्लेक्स में बनाई गई थी। करीब 18 फीट की इस वॉल पेंटिंग को सुपवा के छात्र कृष्णा ने एक ही दिन में तैयार किया था। निर्मल छाया कॉम्प्लेक्स में दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से एक समारोह आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण एवं कल्याण के लिए चल रही विभिन्न पहलों को प्रदर्शित किया गया। यहीं पर कृष्णा को पेंटिंग बनाने के लिए आमंत्रित किया गया। कृष्णा बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट्स के स्कल्प्चर विभाग में तृतीय वर्ष का छात्र है। कृष्णा ने बताया कि निर्मल छाया कॉम्प्लेक्स में दिल्ली सरकार द्वारा अनाथ बच्चों को रखा जाता है। यहां पेंटिंग बनाते समय इन्हें बच्चों को ध्यान में रखते हुए थीम तय किया गया।

### छात्र विश्वविद्यालय का कर रहे नाम रोशन

सुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने कहा कि सुपवा के छात्र अपने सराहनीय कार्य से लगातार यूनिवर्सिटी का नाम रोशन कर रहे हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इससे पहले जनवरी महीने में मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम, दिल्ली में आयोजित 'शब्दोत्सव' के दौरान सुपवा के छात्रों के साथ जमीन पर बैठकर पेंटिंग करते हुए उनकी हौंसला अफजाई की थी। डॉ आर्य ने कहा कि शब्दोत्सव के दौरान पहुंचे विभिन्न स्कूल, कॉलेज व एनजीओ के छात्र-छात्राओं की कृष्णा ने वर्कशॉप भी करवाई थी, जिसकी सभी ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की थी। इस दौरान मिले प्रोत्साहन का ही परिणाम है कि डीएलसीसुपवा पर भरोसा जताते हुए यहां के छात्र को दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल कल्याण विभाग की ओर से वॉल पेंटिंग बनाने का अवसर प्रदान किया गया।

## खबर संक्षेप



रोहतक। डॉ पवन शर्मा को सम्मानित करते हुए।

### शिक्षा मनुष्य को ऊंचा उठाती है : डॉ पवन शर्मा

**रोहतक।** जिले के गांव सुंडाणा में स्थित आर एम सीनीयर सैकंडरी स्कूल के नए सेशन के उद्घाटन पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चैयरमेन डॉ पवन शर्मा ने शिरकत की । उन्होंने बताया कि शिक्षा मनुष्य को ऊंचा उठाती है। डॉ शर्मा को पुनः भिवानी बोर्ड का चैयरमेन नियुक्त करने पर शिक्षक समाज की तरफ से सरकार का धन्यवाद किया। डॉ. शर्मा का विभिन्न खाप व अनेक सामाजिक संस्थाओं ने सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामबीर ककराना पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा राजकीय अध्यापक कल्याण संघ ने की । उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति को समाज स्वीकार करता है । चैयरमेन का सरपंच दलेल ढाका ने पगड़ी बांधकर सम्मान किया। इस अवसर पर डॉ अशोक शर्मा , डॉ योगेश भारद्वाज , संजय गौतम , विकास वशिष्ठ , परमजीत एडवोकेट तथा अन्य शिक्षक गण पहुंचे। स्कूल की तरफ़ से बोर्ड कक्षा दसवीं व बारहवीं में प्रथम आने वाले विधार्थियों का सम्मान किया गया। स्कूल डारेक्टर संदीप बड़क तथा दीपक शर्मा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले सभी अतिथियों का सम्मान किया।




रोहतक। मुख्यातिथियों को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते।

### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में प्रतिभा और नवाचार के साथ घोषित किया वार्षिक परीक्षा परिणाम

**रोहतक।** जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में एक भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत के साथ हुआ, जिसके पश्चात मुख्य अतिथियों (डॉ गीता अहलावत तथा डॉ विकास सरोहा) के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर ज्ञान के प्रकाश का संदेश दिया गया। इसके बाद बैज पिनिंग सेरेमनी के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्य डॉ. ममता मलिक ने अपने स्वागत संबोधन में विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा, अनुशासन और तकनीक के सही उपयोग के महत्व के बारे में प्रेरित किया। मुख्य अतिथि का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई, जिसके बाद गीता श्लोक की प्रस्तुति ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। विद्यालय बैंड ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।



रोहतक। बैठक में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रामकिशन पावड़िया व अन्य सदस्य।

### राष्ट्रीय जाट महासभा की बैठक में कुरीतियों पर मंथन, संगठन विस्तार पर दिया जोर

**रोहतक।** राष्ट्रीय जाट महासभा भारत की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रामकिशन पावड़िया की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में समाज में फैल रही कुरीतियों, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और सामाजिक एकता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। चौधरी रामकिशन पावड़िया ने कहा कि शादी समारोह में अनावश्यक खर्चों पर रोक लगानी चाहिए और विवाह दिन के समय सादगी से करने की परंपरा को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने संगठन के विस्तार पर भी बल दिया। वहीं रमेश खासा ने कहा कि युवा पीढ़ी तेजी से नशे की गिरफ्त में जा रही है, जिसे रोकने के लिए सरकार, प्रशासन, माता-पिता और समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। चंचल नांदल ने समाज में आपसी एकता और अन्य समुदायों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। कृष्ण पहलवान ने सोशल मीडिया पर फैल रही अश्लीलता पर चिंता जताते हुए कहा कि इसका युवा वर्ग पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, जिसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।



रोहतक। सेवानिवृत्ति हुए डॉ. राजीव शर्मा को सम्मानित करते कुलपति प्रो. सचदेवा व कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत। फोटो : हरिभूमि

### मदवि कुलपति के ओएसडी डॉ. राजीव शर्मा कार्यमुक्त, कुलपति सचदेवा ने किया सम्मानित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति के ओएसडी डॉ. राजीव शर्मा अपने पद से कार्यमुक्त हो गए, वे सेवानिवृत्ति के बाद पुनर्नियुक्त थे। उनके स्थान पर ओ.पी. यादव को कुलपति का नया ओएसडी नियुक्त किया गया है। कुलपति कार्यालय में आयोजित एक समारोह में डॉ. राजीव शर्मा को भावभीनी विदाई दी गई। कुलपति प्रो. सचदेवा ने डॉ. राजीव शर्मा के कार्यकाल की सराहना की और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कुलपति ने उन्हें स्वस्थ जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने भी डॉ. राजीव शर्मा को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। डॉ. राजीव शर्मा ने इस अवसर एमडीयू समुदाय का आभार जताया। इस अवसर पर एमडीयू के अधिकारी, शिक्षक और कुलपति कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे।

### धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया भगवान महावीर का 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव



**रोहतक।** जैन सभा रोहतक के तत्वावधान में देवाधिदेव 1008 भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के तीसरे दिन जैन जति में भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध समाजसेवी व एलपीएस बोसार्ड एमडी उद्योगपति राजेश जैन ने की। मुनि 108 निश्चिंत सागर महाराज और आर्यिका रत्न 105 सरस्वती भूषण के पावन सानिध्य में श्रद्धालुओं ने श्रीजी का अभिषेक और महाशांतिधारा संपन्न की। विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी नितिन भैया के कुशल निर्देशन में नमोकार बीजाक्षर महामण्डल विधान और सुमतिनाथ भगवान के जन्म, केवलज्ञान व मोक्ष कल्याणक के अवसर पर गाजे-बाजे के साथ 5-5 किलो के तीन लड्डू समर्पित किए गए। महोत्सव के दौरान महाराज की प्रेरणा से 20 से 45 वर्ष के युवाओं के लिए जिनशासन प्रभावना संघ का गठन किया गया, जिसमें 52 सदस्य शामिल हुए।

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 30 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 36.7 डिग्री
न्यूनतम 17.7 डिग्री

12 एमडीयू की बेटियों ने रचा इतिहास, 3×3 बास्केटबॉल ..



12 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित



## गैस किल्लत : खाना, मिठाई और पापड़ तक के दाम बढ़े, अब ब्लैक में कमर्शियल 6000 व घरेलू सिलेंडर 4000 रुपये तक में मिल रहे

### अब महंगाई की मार, छोटी छोटी चीजों के दाम बढ़ने से बिगड़ा घर का बजट

**होटल संचालकों ने खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ाए, जो मिठाई 400 किलो थी, अब 500 रुपये किलो**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में इन दिनों गैस सिलेंडर की कीमतों और खाद्य वस्तुओं के बढ़ते दामों को लेकर बाजार में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। जहां एक ओर कमर्शियल गैस सिलेंडर ब्लैक में छह हजार रुपये तक बेचे जाने की खबरें सामने आ रही हैं, वहीं घरेलू सिलेंडर भी चार हजार रुपये तक पहुंचने की चर्चाओं ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिर निगरानी किसकी हो रही है और जिम्मेदारी किस पर तय की जा रही है। बाजार में गैस की कथित कमी और बढ़ती कीमतों का सीधा असर खाने-पीने की चीजों पर देखने को मिल रहा है। शहर के कई दुकानदारों, मिठाई विक्रेताओं और होटल संचालकों ने खाद्य पदार्थों के दामों में अचानक वृद्धि कर दी है। मिठाइयों से लेकर सामान्य भोजन तक, हर चीज महंगी हो गई है। ग्राहकों का कहना है कि पहले जो मिठाई 400 रुपये किलो मिलती थी, वही अब 500 रुपये तक पहुंच गई है। सिर्फ इतना ही नहीं, बच्चों के पसंदीदा पापड़ जैसे हल्के खाद्य पदार्थ भी अब दोगुने दाम पर बिक रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि छोटी-छोटी चीजों के दाम बढ़ने से घर का बजट बिगड़ रहा है। दुकानदार इस बढ़ोतरी के पीछे गैस की महंगी दरों और आपूर्ति में कमी को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। दूसरी ओर, प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं और बिना पुष्टि के किसी भी जानकारी को फैलाने से बचें। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि बाजार में गैस की कोई वास्तविक कमी नहीं है और सभी



आवश्यक वस्तुएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि कालाबाजारी और मुनाफाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कुछ लोग माहौल खराब करने की कर रहे कोशिश

प्रशासन ने यह भी बताया कि संबंधित विभागों को सतर्क कर दिया गया है और नियमित रूप से बाजार की निगरानी की जा रही है। जहां भी अनियमितता पाई जाएगी, वहां तुरंत कार्रवाई होगी। अधिकारियों के अनुसार, कुछ लोग जानबूझकर अफवाह फैलाकर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। इधर, नाम न छापने की शर्त पर दुकानदारों और होटल-ढाबा संचालकों का कहना है कि वे भी इस स्थिति से परेशान हैं। उनका कहना है कि गैस सिलेंडर की उपलब्धता और कीमतों को लेकर स्पष्टता नहीं होने के कारण उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। बहुत महंगे दामों में वह गैस खरीद रहे हैं। जिससे लागत बढ़ने के कारण उन्हें मजबूरी में दाम बढ़ाने पड़े हैं। दुकानदारों ने स्थिति सामान्य होते ही दाम घटाने का भरोसा दिया है।

### गैस कालाबाजारी की तो होगी कड़ी कार्रवाई: डीसी

जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने स्पष्ट किया कि घरेलू उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है और वे केवल जरूरत के अनुसार ही गैस सिलेंडर बुक करें। डीसी ने चेतावनी दी कि एलपीजी, पेट्रोल या डीजल की जमाखोरी एवं कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रविवार को जिले में गैस एजेंसियों को 8,350 सिलेंडर प्राप्त हुए, जबकि 7,650 सिलेंडर उपभोक्ताओं को वितरित किए गए। इसके अलावा एजेंसियों के पास 7,948 सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनी हुई है। डीसी ने बताया कि प्रत्येक परिवार को नियमानुसार 25 दिन के अंतराल के बाद गैस उपलब्ध कराया जा रहा है।

### हसनगढ़ में सिलेंडर न मिलने से उपभोक्ता बेहद परेशान

**सांपला।** हसनगढ़ गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर न मिलने की वजह से उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ा। बताया गया गैस सिलेंडर नहीं आए। इलाके में गैस व तेल की क्या स्थिति है इस संबंध में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को प्रतिदिन की रिपोर्ट सरकार को देनी होगी। इलाके में कस्बा और हसनगढ़ में गैस एजेंसी हैं। दोनों एजेंसी पर करीब 42 हजार उपभोक्ता हैं। जब से युद्ध शुरू हुआ तभी से गैस सिलेंडरों की मांग बढ़ गई है। प्रति दिन करीब 32 सौ सिलेंडर की बिक्री हो रही है। हसनगढ़ गांव वाली एजेंसी गैस सिलेंडर वितरण नहीं किए गए। पहुंचे तो लोगों की मुश्किल बढ़ जाएगी। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर पवन कुमार धनखड़ ने बताया कि अभी तक गैस व तेल दोनों लोगों की जरूरत के हिसाब से मौजूद है।

### शहर में आज

- ▶▶| आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- ▶▶| नगर निगम में अधिकारियों के साथ बैठक 11 बजे

### खबर संक्षेप

#### किला मोहल्ला में जहरीला पदार्थ निगलने से महिला की मौत

रोहतक। किला मोहल्ला में एक महिला की मौत हो गई। महिला ने दो दिन पहले जहरीला पदार्थ निगल लिया था।मायका पक्ष ने महिला के ससुराल पक्ष के खिलाफ शिकायत दी है। पुलिस के मुताबिक, सरोज निवासी भिवानी की शादी राहुल निवासी किला मोहल्ला के साथ हुई थी।किसी बात की वजह से सरोज ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मायका पक्ष की तरफ से पुलिस में शिकायत दी गई है।

#### सांपला नगरपालिका चुनाव की अंतिम मतदाता सूची वार्डवार जारी

रोहतक। नगर पालिका सांपला के आम चुनाव 2026 को लेकर वार्डवार अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) सचिन गुप्ता ने बताया कि यह सूची 27 मार्च को जिला रोहतक की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर प्रकाशित कर दी गई है। नगर पालिका के 16 वार्डों में कुल 15,624 मतदाता शामिल हैं, जिनमें 8,141 पुरुष और 7,483 महिला मतदाता हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन तहसीलदार कार्यालय से प्राप्त 510 नए मतदाताओं के नाम अंतिम सूची में शामिल नहीं किए गए हैं। इसका कारण यह बताया गया कि संबंधित मतदाताओं का रिकॉर्ड एनवीएसपी पोर्टल पर बूथ व सीरियल नंबर के अनुसार उपलब्ध नहीं था।

#### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम जारी किए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2025 में आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। जारी परिणामों में एम.टेक (नॉन-सीबीसीएस) तथा एम.टेक (सीबीसीएस) के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर (फुल व री-अपीयर) तथा सीबीसीएस के चौथे सेमेस्टर (री-अपीयर) शामिल हैं। इसके अलावा बैचलर ऑफ फार्मेसी, मास्टर ऑफ फार्मेसी और मास्टर ऑफ लॉ के विभिन्न सेमेस्टरों के नियमित व री-अपीयर परिणाम भी घोषित किए गए हैं।

कोटा, चंडीगढ़, दिल्ली के बाद अब रोहतक में भी
IIT-JEE/NEET/NDA
6th to 12th class & 12th pass
की स्पेशल कोचिंग
MEGA SEMINAR & SCHOLARSHIP TEST
31 March (Tuesday)
10:00 am & 3:00 pm
SPECIAL BATCH FOR NEET 2026 CRASH COURSE
1 Week Free Trial Class Before ADMISSION
100% Scholarship / Free Schooling
KOTA CLASSES
144-L Model Town, Near C.R. Polytechnic College, Rohtak
Contact 97285-44433, 98964-51410

## घर का सपना महंगा : स्टांप ड्यूटी व रजिस्ट्री के बढ़ सकते हैं रेट

# कलेक्टर रेट पर आपत्ति दर्ज करवाने का आज अंतिम मौका

**31 मार्च को अंतिम फैसला, अस्थल बोहर, जसबीर कॉलोनी समेत कई क्षेत्रों में महंगी होगी जमीन**

**संपत्ति मालिकों को लाभ, किराये व प्रॉपर्टी बाजार पर भी पड़ेगा असर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला प्रशासन ने वर्ष 2026-27 के लिए जमीन के कलेक्टर रेट में संशोधन का ड्राफ्ट जारी कर दिया है और आमजन को इस पर आपत्ति दर्ज कराने का अंतिम अवसर आज, 30 मार्च को दोपहर 1 बजे तक दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इच्छुक व्यक्ति डीसी कार्यालय में लिखित रूप से या संबंधित तहसीलदार की ईमेल के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। जारी प्रस्ताव के अनुसार शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों में जमीन के कलेक्टर रेट बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इनमें अस्थल बोहर, गढ़ी बोहर, दिल्ली बाईपास स्थित विनय नगर, दुर्गा कॉलोनी, झंग कॉलोनी, जसबीर कॉलोनी, मेडिकल मोड़, वन सिटी, ओमेक्स सिटी, सेक्टर-37, पालिका बाजार, काठ मंडी, सेक्टर-25, सेक्टर-5 व 6, आजाद नगर, आर्य नगर और किला मोहल्ला शामिल हैं। ध्यान रहे कि इससे पहले 1 अगस्त 2025 से लागू रेट अब तक प्रभावी थे।



एआई जनरेटेड

**यहां बढ़ोतरी की गई**

| क्षेत्र का नाम | रेट में बढ़ोतरी |
|---|---|
| गढ़ी बोहर | 8100 से 10530 |
| विनय नगर | 8470 से 9740 |
| दुर्गा कॉलोनी | 15730 से 18090 |
| जसबीर कॉलोनी | 15120 से 17388 |
| किशनपुरा | 13310 से 19299 |
| लक्ष्मी नगर | 17160 से 21450 |
| लाढ़ोत रोड | 8700 से 10875 |
| प्रेमनगर | 17300 से 21625 |
| कमल कॉलोनी | 14200 से 18460 |
| वन सिटी | 3690 से 5148 |
| सेक्टर 37 | 22270 से 28375 |
| पालिका बाजार | 92400 से 115500 |
| काठ मंडी | 27300 से 34125 |
| सेक्टर 25 | 27900 से 0555 |
| सेक्टर 5,6 | 25530 से 29359 |
| आजाद नगर | 12800 से 20480 |
| आर्यनगर झज्जर रोड | 18900 से 24570 |
| किला मोहल्ला | 17900 से 20585 |
| ओमेक्स सिटी | 15120 से 19656 |
| झज्जर रोड | |

### मांग पर बढ़ोत्तरी

प्रशासन का कहना है कि इन क्षेत्रों में बढ़ती मांग, तेजी से हो रहे शहरी विस्तार और आधारभूत सुविधाओं में सुधार को ध्यान में रखते हुए रेट बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके विपरीत, शीला बाईपास, सुभाष नगर, सुखपुरा पाड़ा, हरकी देवी, देव कॉलोनी और सेक्टर-33 जैसे क्षेत्रों में कलेक्टर रेट को यथावत रखा गया है। इन इलाकों में पिछले वर्ष के रेट ही लागू रहेंगे, जिससे स्थानीय संपत्ति बाजार में संतुलन बना रहे। यह ड्राफ्ट पारदर्शिता बनाए रखने और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जारी किया गया है। आपत्तियों और सुझावों पर जिला स्तरीय समिति द्वारा विस्तार से विचार किया जाएगा। सभी आपत्तियों का निपटान 31 मार्च को किया जाएगा, जिसके बाद अंतिम कलेक्टर रेट जारी कर दिए जाएंगे।

### बढ़ेगा आर्थिक दबाव

जमीन के कलेक्टर रेट बढ़ने का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ता है। कलेक्टर रेट वह न्यूनतम मूल्य होता है, जिस पर जमीन या संपत्ति की रजिस्ट्री होती है। जैसे ही सरकार इन दरों में वृद्धि करती है, संपत्ति खरीदने वालों को अधिक स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन फीस चुकानी पड़ती है। रेट बढ़ने से सबसे ज्यादा प्रभावित मध्यम वर्ग और पहली बार घर खरीदने वाले लोग होते हैं। बढ़ी हुई दरों के कारण जमीन और मकान की कीमतें भी स्वतः बढ़ जाती हैं, जिससे आम आदमी के लिए घर खरीदना और मुश्किल हो जाता है। इसके साथ ही प्रॉपर्टी बाजार में भी सुस्ती आने की संभावना रहती है, क्योंकि खरीदार ऊंची कीमतों के कारण फैसले टाल देते हैं।

### होता है लाभ भी

जिन लोगों के पास पहले से जमीन या संपत्ति है, उन्हें इसका अप्रत्यक्ष लाभ मिलता है, क्योंकि उनकी संपत्ति का बाजार मूल्य बढ़ जाता है। हालांकि, उन्हें भी भविष्य में संपत्ति बेचने या खरीदने पर अधिक टैक्स देना पड़ सकता है। रेट बढ़ने का असर किराए के बाजार पर भी पड़ता है। मकान मालिक बढ़ी हुई लागत की भरपाई के लिए किराया बढ़ा सकते हैं, जिससे किराएदारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। सरकार का तर्क है कि कलेक्टर रेट बढ़ाने से राजस्व में वृद्धि होती है और जमीन की वास्तविक बाजार कीमतों के करीब मूल्य तय किए जाते हैं। लेकिन आम आदमी के लिए यह कदम आर्थिक दबाव बढ़ाने वाला साबित होता है। कुल मिलाकर, कलेक्टर रेट में वृद्धि विकास और राजस्व के लिहाज से जरूरी हो सकती है, लेकिन इससे आम नागरिक के लिए संपत्ति खरीदना और रहना दोनों महंगा हो जाता है।


**रोहतक।** नहर से बुजुर्ग के शव को बाहर निकालते एसडीआरएफ के जवान।

## बुजुर्ग ने भालौठ सब ब्रांच नहर में कूदकर दी जान

- **मौके पर मौजूद लोगों ने कूदकर बचाने का प्रयास किया, लेकिन नाकाम रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिल्ली बाइपास स्थित भालौठ सब ब्रांच नहर में एक व्यक्ति ने छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने कूदकर बचाने का प्रयास किया, लेकिन व्यक्ति नहीं मिला। इसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकाला। मृतक की पहचान मदवि के सेवानिवृत्त कर्मचारी सूबे सिंह निवासी विशाल नगर के तौर पर पहचान हुई है। रविवार की सुबह करीब 9 बजे एक व्यक्ति नहर पर पहुंचा और पानी में छलांग लगा दी। वहां मौजूद लोगों ने छलांग लगाते हुए व्यक्ति को देख लिया, जिसे बचाने का प्रयास भी किया। लेकिन पानी ठहरा हुआ और गहरा होने के कारण पानी के अंदर नहीं गए। आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रस्सी के सहारे व्यक्ति को खोजने का प्रयास किया, लेकिन व्यक्ति नहीं मिला। टीम ने गोताखोरों को लेकर मौके पर पहुंची और नहर में जाकर शव को बाहर निकाला। इसके बाद पानी निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन व्यक्ति मर चुका था। पुलिस ने शव को डेड हाउस में रखवा दिया है।

## रविवार रात बूंदाबांदी से फिर बिगड़ा मौसम

**रोहतक।** रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे शहर में हल्की बूंदाबांदी हुई, जिससे मौसम फिर बिगड़ गया। हालांकि लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली, लेकिन किसानों की सांसें फूल गई। दिनभर की गर्मी के बाद शाम होते-होते मौसम ने करवट ली और आसमान में बादल छा गए। इसके बाद रात के समय हल्की बारिश शुरू हो गई। बारिश बहुत तेज नहीं थी, लेकिन इतनी जरूर रही कि तापमान में गिरावट महसूस की जा सके। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को राहत मिली, खासकर उन लोगों को जो दिनभर गर्मी से परेशान थे। वहीं, सड़कों पर भी सामान्य स्थिति बनी रही, क्योंकि बारिश इतनी अधिक नहीं हुई कि कहीं जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी मौसम में इसी तरह के बदलाव की संभावना बनी रह सकती है। फिलहाल हल्की बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं ने शहरवासियों को सुकून का अहसास कराया है।

## बढ़ी समस्या : रोजाना 40 हजार यात्रियों पर भारी पड़ रही व्यवस्था

# रेल टिकट काउंटर नए भवन में शिफ्ट संख्या घटने से अब लंबी होगी लाइन

### पहले तीन काउंटर, अब दो से चलाना होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। रेलवे स्टेशन के नए भवन में टिकट काउंटर और आरक्षण केंद्र शिफ्ट होने के बाद जहां यात्रियों को बेहतर सुविधाओं की उम्मीद थी, वहीं अब काउंटरों की संख्या घटने से नई परेशानी खड़ी हो गई है। पहले जहां टिकट बुकिंग के लिए तीन काउंटर संचालित होते थे, अब उनकी संख्या घटकर केवल दो रह गई है। इसी तरह आरक्षण केंद्र में भी दो ही काउंटर काम कर रहे हैं, जिससे यात्रियों को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। रोहतक जंक्शन से प्रतिदिन करीब 40 हजार से अधिक यात्री सफर करते हैं। इतनी बड़ी संख्या में यात्रियों के बावजूद टिकट काउंटरों की कमी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। सुबह और शाम के समय स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ चरम पर होती है, उस दौरान टिकट लेने के लिए लंबा इंतजार करना मजबूरी बन



जाता है। यात्रियों का कहना है कि पहले तीन काउंटर होने से टिकट लेने में कुछ राहत मिल जाती थी, लेकिन अब काउंटर कम होने से लाइनें और लंबी हो गई हैं। इसका सीधा असर जनरल टिकट लेने वाले यात्रियों पर भी पड़ रहा है। कई बार तो यात्रियों को टिकट लेने में इतना समय लग जाता है कि उनकी ट्रेन छूटने की नौबत आ जाती है। महिलाएं, बुजुर्ग और दिव्यांग यात्रियों के लिए यह स्थिति और भी कठिन हो गई है। भीड़ और धक्का-मुक्की के बीच टिकट लेना उनके लिए चुनौती बन गया है। यात्रियों का कहना है कि नए भवन में स्थान की कमी नहीं है, फिर भी काउंटरों की संख्या घटा देना समझ से परे है।

### नहीं आई शिकायत

"नए भवन में काउंटर जरूर शिफ्ट हो गए है। लेकिन समस्या है इसके बारे में मालूम नहीं है। न ही इस तरह की कोई शिकायत हमारे पास आई है। अगर शिकायत मिलती तो उसका समाधान भी किया जाता है।
-बलराम मीणा, स्टेशन अधीक्षक, रेलवे स्टेशन

### वैश्य कॉलेज के तरफ वाला काउंटर भी बंद

रेलवे के नए भवन का निर्माण शुरू होने से पहले वैश्य कॉलेज की तरफ भी एक टिकट काउंटर चलता था। वहीं से रेलवे स्टेशन की दूसरी एंट्री होती है। क्योंकि उस तरफ भी काफी संख्या में लोगों का आना जाना रहता है, रोजाना कॉलेज से हजारों बच्चें स्टेशन की तरफ आते है। लेकिन वह काउंटर भी अभी तक चालू नहीं किया गया है। जिसके चलते भीड़ बहुत ज्यादा बढ़ गई है।

### काउंटरों की संख्या घटाना यात्रियों के साथ अन्याय

स्थानीय यात्रियों और सामाजिक संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे विरोध प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। उनका कहना है कि सुविधा के नाम पर काउंटरों की संख्या घटाना यात्रियों के साथ अन्याय है। यात्रियों को अपनी ट्रेन छूटने का डर भी बना रहता है।

## फरमाणा के मोहित हत्याकांड में आरोपी साथी गिरफ्तार

- **हत्या में तीन साथियों की संलिप्तता बताई जा रही है**

**महम।** शनिवार को फरमाणा गांव के खेतों में गर्दन कटी लाश मिली थी। यह लाश फरमाणा खास गांव निवासी 19 वर्षीय मोहित की थी। इस हत्याकांड में उसके तीन साथियों की संलिप्तता बताई जा रही है। पुलिस ने मोहित के साथी मंगल को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसके दोस्त देवा और हंसा अभी फरार हैं। मंगल को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। जहां पुलिस ने उसके रिमांड की मांग की। पुलिस ने मंगल को दो दिन के रिमांड पर भेजा है। महम थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि रिमांड के दौरान उससे पूछताछ की जाएगी। पूछताछ में ही हत्याकांड का पूरी तरह खुलासा हो सकेगा। मंगल से हत्याकांड में प्रयुक्त किए गए औजार और हत्या कांड में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी मिल सकेगी। साथ ही हत्या की वजह का भी रिमांड के दौरान ही पता चल सकेगा। मृतक युवक मोहित तीन दिन से घर से लापता था। दो दिन तक वह घर नहीं पहुंचा तो उसके पिता वकील ने महम थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिसमें मोहित के पिता ने बताया था कि उसका बेटा पड़ोस में चल रहे शादी समारोह पैसे चुगने के लिए घर से गया था, लेकिन घर नहीं लौटा। बताते हैं कि उसके तीन दोस्तों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी, लेकिन हत्याकांड की पूरी हकीकत आरोपितों से पुलिस पूछताछ में ही हो सकेगा।

## मीनाक्षी और दूसरे नंबर की कजाकिस्तान की बॉक्सर नाज़िम किज़ैबे के बीच 163 प्वाइंट का अंतर

# वर्ल्ड की नंबर वन बॉक्सर बनी म्हारी छोरी मीनाक्षी हुड्डा

**हाल ही में जारी रैंकिंग में 1425 प्वाइंट के साथ हासिल किया प्रथम स्थान**


हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले की बेटी मीनाक्षी हुड्डा वर्ल्ड की नंबर वन बॉक्सर बन गई है। मीनाक्षी हुड्डा ने हाल ही में जारी हुई रैंकिंग में 1425 प्वाइंट के साथ प्रथम स्थान हासिल किया है। मीनाक्षी और दूसरे नंबर की कजाकिस्तान की बॉक्सर नाज़िम किज़ैबे के बीच 163 प्वाइंट का अंतर है। नाजिम किजैबे 1262 प्वाइंट के साथ दूसरे स्थान पर है। कोच विजय हुड्डा ने मीनाक्षी को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी मीनाक्षी का चयन हुआ है।

रुड़की गांव की गलियों से निकलकर बॉक्सिंग रिंग तक का मीनाक्षी का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। साल 2013 में जब मीनाक्षी ने बॉक्सिंग के ग्लब्ज पहने, तो लोगों ने उनके परिवार पर तानों की बौछार कर दी। लड़की होकर बॉक्सिंग खेलेगी, चोट लग जाएगी, शादी कौन करेगा जैसे ताने उनके कानों में गूंजते थे। यहां तक कि परिवार वाले भी थोड़ा डरते थे कि लड़कियों के लिए बाहर माहौल भी अच्छा नहीं है, लेकिन मीनाक्षी के हौसले बुलंद थे। अब अच्छा प्रदर्शन करके मेडल आने लग तो लोगों ने ताने मारने छोड़ दिए। मीनाक्षी ने बताया कि पिता कृष्ण ऑटो चलाते हैं। मां सुनीता गृहिणी व चार भाई बहनें हैं। उन्होंने बताया कि शुरू से घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। वर्ष 2013 में बॉक्सिंग खेलना शुरू किया। गांव के लड़के व लड़कियां बॉक्सिंग खेलती थीं। उनको देखकर प्रेरणा मिली व खेलना शुरू किया। कोच विजय हुड्डा ने खेलने में मदद की। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण कोच विजय ने खेलने का सामान खरीदने में मदद की और परिवार वालों को भी समझाया। जब खेलना शुरू किया था तो उस समय लोगों ने ताने मारे कि बॉक्सिंग खेलकर क्या करेगी। कहीं चोट लग गई तो कौन शादी करेगा। परिवार वाले भी डरते थे कि बाहर का माहौल भी अच्छा नहीं है, लेकिन फिर परिवार वालों ने बोला कि तू खेल किसी को कुछ भी कहने दे, हमें कोई दिक्कत नहीं है। मीनाक्षी गांव रुड़की में कोच विजय के पास शहीद बैतून सिंह स्टेडियम में अभ्यास करती हैं।

### जानिए...मीनाक्षी की उपलब्धियां

वर्ष 2025 में वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप व वर्ल्ड कप फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। वर्ष 2017 में जूनियर नेशनल प्रतियोगिता जीती। 2019 में यूथ नेशनल प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। 2021 में सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। 2022 में एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। 2022 नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। 2024 में ब्रिक्स गेम्स व एलोर्डा कप में स्वर्ण जीता।



## एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे दिनेश और पुनीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

खेल की दुनिया में जीत के शोर के पीछे अक्सर सालों का सन्नाटा और संघर्ष छिपा होता है। एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में दिनेश और पुनीत का चयन हुआ है। 6 से 12 अप्रैल तक किर्गिस्तान में होने वाली प्रतियोगिता दो दोनों खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों खिलाड़ियों के चयन से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। पहलवान पुनीत ने बताया कि उन्होंने साल 2018 में कुश्ती की शुरुआत की थी। उनका ताल्लुक एक किसान परिवार से है। उनके पिता का नाम सुरेंद्र और मां का नाम कविता हैं। कुश्ती की प्रेरणा उन्हें अपने चाचा आनंद (आनंद काका) से मिली, जो स्वयं भी कुश्ती लड़ा करते थे। 2025 अंडर-23 नेशनल वर्ल्ड चैंपियनशिप में उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया। हाल ही में संपन्न हुए फेडरेशन कप में भी उन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया था। उन्होंने बताया कि झज्जर जिले का निवासी हूं।



पुनीत।

### 16 बार भारत केसरी का खिताब जीता है दिनेश ने



पहलवान दिनेश ने बताया कि उन्होंने कुश्ती के अखाड़े में करीब 8-9 साल पहले (लगभग 2017) कदम रखा था। उनके पिता का नाम नरेंद्र है, जो पेशे से एक ज़मींदार (किसान) हैं, और उनकी मां का नाम सुशीला है, जो एक गृहणी हैं। परिवार में उनके माता-पिता के अलावा एक बहन भी है। उन्होंने बताया कि पहलवान के करियर में सबसे बड़ी बाधा दो साल पहले आई, जब उनके घुटने की एसीएल(एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट ) टूट गई थी। इस गंभीर चोट के कारण उन्हें ऑपरेशन करवाना पड़ा। रिकवरी में उन्हें पूरा एक साल लगा। इस चोट की वजह से वह 2023 के एशियन गेम्स जैसी बड़ी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाए, जो उनके करियर का एक बड़ा मलाल रहा। चोट से उभरने के बाद और उससे पहले भी, इस पहलवान ने राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर अपना दबदबा बनाए रखा। दिनेश ने 16 बार भारत केसरी का खिताब जीता है। दो बार हरियाणा केसरी का खिताब जीता है। सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता है। नेशनल गेम्स में दो स्वर्ण पदक जीते हैं। झज्जर जिले का निवासी हूं।





रोहतक। विजेता खिलाड़ी अपने कोच डॉ. मस्त राम, सहायक प्राध्यापक, पं. नेकी राम शर्मा कॉलेज, रोहतक के साथ ।

## एमडीयू की बेटियों ने रचा इतिहास, 3×3 बास्केटबॉल टीम ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की महिला 3×3 बास्केटबॉल टीम ने इतिहास रचते हुए अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में पहली ही भागीदारी में कांस्य पदक हासिल कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ में आयोजित हुई, जहां एमडीयू की खिलाड़ियों ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता अर्जित की। टीम के प्रबंधक डॉ. मस्त राम (सहायक प्राध्यापक, पं. नेकी राम शर्मा कॉलेज, रोहतक) रहे, जबकि कोच के रूप में विकास हुड्डा ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। टीम की खिलाड़ी सोनी, अंकुश, समीक्षा और रवीना ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन तालमेल, संघर्ष और खेल भावना का परिचय देते हुए यह उपलब्धि अपने नाम की। ये खिलाड़ी यूटीडी रोहतक, एमकेजेकेएम रोहतक और टीकाराम कॉलेज सोनीपत से हैं। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत न केवल खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि एमडीयू में खेलों के बढ़ते स्तर का भी प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में यह टीम और भी बड़े मुकाम हासिल करेगी।

## स्वयंसेवकों को नशे के दुष्प्रभाव बताए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिटोली कबूलपुर में एनएसएस शिविर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रिटोली कबूलपुर में आयोजित एनएसएस के विशेष सात दिवसीय शिविर के पाँचवें दिन कैप्टन जगबीर मलिक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने 'नशा मुक्ति' विषय पर अपना व्याख्यान दिया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नशा व्यक्ति के जीवन को पूरी तरह से बर्बाद कर देता है तथा समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी देवेंद्र दहिया, सुनील कुमार (डीपीई), संगीता नारा (प्रवक्ता, रसायन विज्ञान), रचना (प्रवक्ता, रसायन विज्ञान) तथा रिटोली गांव की एनजीओ नई शुरुआत से राजेश कुमार, मुकेश कुमार, तेजेंद्र एवं सुनील कुमार भी विद्यालय में उपस्थित रहे।





रोहतक। विद्यार्थियों को संबोधित करते कैप्टन जगबीर मलिक।

## सीएमबीटी में पीटीएम: छात्रों की प्रगति को लेकर हुई चर्चा



रोहतक। पैरेंट-टीचर मीटिंग (पीटीएम) में मौजूद सीएमबीटी निदेशक डॉ. हरि मोहन।

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी (सीएमबीटी) में को एमएससी मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी के छात्रों के लिए पैरेंट-टीचर मीटिंग (पीटीएम) आयोजित की गई। सेमिनार हॉल में हुई इस बैठक में अभिभावकों, छात्रों और शिक्षकों के बीच शैक्षणिक विषयों पर चर्चा की गई। सीएमबीटी निदेशक डॉ. हरि मोहन ने बताया कि इस कार्यक्रम में छात्रों की पढ़ाई, उपस्थिति और समग्र प्रदर्शन की समीक्षा की गई। उन्होंने छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन, शोध क्षमता और पेशेवर विकास को बेहतर बनाने में अभिभावकों और शिक्षकों के संयुक्त प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक के दौरान छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति और समग्र प्रदर्शन का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। इस दौरान प्राध्यापक डॉ. अमिता एस. डांग, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. रश्मि भारद्वाज ने भी अभिभावकों और छात्रों से संवाद किया और जरूरी सुझाव दिए। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में विभाग बारे अपनी महत्वपूर्ण फीडबैक दी।

## जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में पीटीएम वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम भी किए घोषित

- अभिभावकों को बच्चों के प्रदर्शन की विस्तृत जानकारी भी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में सत्र 2025-26 के अंतर्गत कक्षा नर्सरी से 9वीं एवं 11वीं तक के विद्यार्थियों के लिए पेरेंट-टीचर मीटिंग का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों और शिक्षकों के बीच विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, व्यवहार एवं समग्र विकास पर विस्तृत चर्चा की गई। इसी दौरान कक्षा नर्सरी से 9वीं एवं 11वीं तक के विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। अभिभावकों को बच्चों के प्रदर्शन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।





### भव्य ग्रेजुएशन सेरेमनी हुई

कार्यक्रम के अंतर्गत नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए भव्य ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। आकर्षक ग्रेजुएशन परिधान में सजे विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अपने शैक्षणिक जीवन के एक महत्वपूर्ण चरण को पूर्ण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों, सहभागिता एवं सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ट्रॉफी वितरण ने कार्यक्रम को और भी गौरवपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक विक्रांत मायना एवं सान्या मायना , सहायक निदेशक हिमांशु गुप्ता, उप-प्रधानाचार्य अमन अग्रवाल तथा हेडमिस्ट्रेस अनामिका बल्हारा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी गणमान्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों को निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।

## श्री राम सेकेंडरी स्कूल में नॉन बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित





महम। बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर स्टाफ सदस्यों को पुरस्कृत करते हुए श्री राम स्कूल के संचालक रमेश गिरधर। फोटो: हरिभूमि

महम। शहर के श्री राम सेकेंडरी स्कूल में नॉन बोर्ड कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल संचालक रमेश गिरधर ने बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी। शानदार परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय के शिक्षकों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया। तीसरी कक्षा से तनुज, चौथी से हिमांशी, ईशान वत्स और पांचवीं कक्षा से बिंदू व ध्रुव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छठी कक्षा से हर्ष कुमार, सातवीं से पावनी, आठवीं कक्षा से पलक और नौवीं कक्षा से सुधीर व पवन ने प्रथम स्थान हासिल किया। तीसरी कक्षा से अवनी, भव भूषण व देव, चौथी से पारूल, प्रियांश, पांचवीं से अलिशा, नायरा व यशिका, छठी से तान्या व भुवन, सातवीं से आरव व अनंत, आठवीं से दिव्या, नौवीं से तनिश, स्नेहा व शिखा दूसरे स्थान पर रहे। प्रिंसिपल कनिका गिरधर ने अपनी कक्षाओं में अव्वल आने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों को बधाई दी।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

- पठानिया स्कूल में ओरिएंटेशन कार्यक्रम एवं नर्सरी व केजी कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पठानिया पब्लिक स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर नवागंतुक विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के लिए एक भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा प्री-नर्सरी, नर्सरी, जूनियर केजी एवं सीनियर केजी के विद्यार्थियों का वार्षिक परिणाम भी घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया तथा इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कुल 110 ट्रॉफी एवं 150 मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे उनका उत्साहवर्धन हुआ।





### स्कूल के बारे में दी विस्तृत जानकारी

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय की कार्यप्रणाली, नियमों, समय-सारिणी एवं शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराना है। इस दौरान स्कूल की शिक्षण पद्धति, अनुशासन व्यवस्था एवं आधुनिक सुविधाओं के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के अंतर्गत अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को विद्यालय के विभिन्न विभागों जैसे कक्षा-कक्ष, कंप्यूटर लैब, रोबोटिक्स लैब, पुस्तकालय एवं खेल मैदान का भ्रमण भी कराया गया, जिससे वे विद्यालय के आधुनिक संसाधनों से परिचित हो सकें।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राथमिकता

कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के निदेशक अंशुल पठानिया ने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण एवं मूल्यपरक शिक्षा प्रदान करना विद्यालय की प्राथमिकता है तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अंशुल पठानिया, को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा एवं सुनीता मोर तथा हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## एचएम पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक

रोहतक। एचएम पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण अत्यंत सकारात्मक और उत्साह से भरा रहा। अभिभावकों ने बच्चों की प्रगति को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। सभी बच्चे एवं वद्यिार्थी बेहद खुश थे। कार्यक्रम के दौरान खेलों में सक्रिय भागीदारी करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। साथ ही, प्रत्येक कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पाँच विद्यार्थियों को विशेष पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेश बल्हारा ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा अभिभावकों के सहयोग को विद्यालय की प्रगति का आधार बताया। उप-प्राचार्या सोनिया रानी सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## शिविर में नि:शुल्क जांचा स्वास्थ्य

- मरीजों के नि :शुल्क दवाइयां भी मुहैया करवाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर द्वारा आयोजित डीएलएफ कॉलोनी में स्थित जेपी नारंगी देवी होम्योपैथिक फिजियोथरेपी चैरिटेबल सेंटर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया इस जांच शिविर में मैक्स हेल्थ केयर हॉस्पीटल द्वारिका डाक्टरों द्वारा मरीजों को चेक किया गया व निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। मुख्य अतिथि एलपीएस के डायरेक्टर राजेश जैन, समारोह अध्यक्ष समाजसेवी उद्योगपति राजेन्द्र बंसल, एसीसटैंट गर्वनर रोटेरियन अजित पाल सिंह व विनोद जैन, प्रधान विजय तायल, सचिव नीतिन तायल, खजांची विकास कंसल, प्रोजेक्ट चेयरमैन सुशील गर्ग, को. प्रोजेक्ट चेयरमैन अनिल बंसल द्वारा गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया।



### इन विशेषज्ञों ने किया चेकअप

शिविर में स्त्री कैंसर रोग विशेषज्ञ डा. शिवानी सुंदरम, मैडिसन विभाग डा. अंकित टुटेजा, डा. अंकुर जैन गेस्टो विभाग, हरमिन्द्र सिंह वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ डा. एसके गोयल, यूरोलोजी विशेषज्ञ डा. मृणाल पाहवा के द्वारा जांच की गई। महिलाओं के लिए निशुल्क स्तन कैंसर की जांच भी की गई। क्लब के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों का फूलों के बुके, पटके और मालाओं द्वारा स्वागत किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ रोहतक सफायर के सभी पदाधिकारिणी गण, सदस्य मौजूद रहे।

**राजनीति** | बीजेपी के साथ कांग्रेस के निष्ठावान भी टिकट के लिए बीजेपी नेताओं से साध रहे सम्पर्क

# सांपला में बीजेपी की टिकट के लिए घमासान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांपला

- टिकट मिले या ना मिले, चुनाव तो लड़ेंगे"

कांग्रेस द्वारा सिंबल पर चुनाव लड़ने से मना करने और बीजेपी की ओर से टिकट को लेकर अभी तक स्पष्ट घोषणा न होने से राजनीतिक माहौल और ज्यादा दिलचस्प हो गया है। बीजेपी की देरी से हो रही घोषणा को संगठन की कमजोरी के रूप में भी देखा जा रहा है। ऐसे में सभी दावेदारों को एक मंच पर लाना पार्टी के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। वहीं नगरपालिका चुनाव की तिथि की घोषणा अभी भले न हुई हो, लेकिन टिकट किसे मिलेगी, इसे लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। सांपला क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां लगातार तेज होती जा रही हैं। खासतौर पर बीजेपी के भीतर टिकट को लेकर खींचतान खुलकर सामने आ रही है। पार्टी के कई दावेदार मैदान में पूरी तैयारी के साथ उतर चुके हैं और अधिकतर प्रत्याशी साफ कह रहे हैं कि अगर उन्हें पार्टी टिकट नहीं भी मिलता, तब भी वे चुनाव जरूर लड़ेंगे। बीजेपी के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपने ही समर्थक प्रत्याशियों को एकजुट करना है। "कमल खिलाने" के लक्ष्य के साथ पार्टी को संगठनात्मक मजबूती की जरूरत है, लेकिन मौजूदा हालात इसके विपरीत नजर आ रहे हैं। भाईचारे और स्थानीय दबाव के चलते कई उम्मीदवार पीछे हटने को तैयार नहीं हैं, जिससे बगावत की आशंका भी बढ़ रही है।





### मामला और पेचीदा

दिलचस्प यह है कि बीजेपी की टिकट के लिए केवल पार्टी कार्यकर्ता ही नहीं, बल्कि कांग्रेस से जुड़े कुछ निष्ठावान चेहरे भी सक्रिय हो गए हैं। ये नेता दिल्ली और चंडीगढ़ तक अपनी दावेदारी मजबूत करने में लगे हुए हैं, जिससे मुकाबला और भी पेचीदा हो गया है। कुल मिलाकर, सांपला की चुनावी तस्वीर अभी पूरी तरह साफ नहीं है। बीजेपी के लिए टिकट घोषित करने के बाद असंतुष्ट नेताओं को साधना सबसे बड़ी परीक्षा होगी। यदि पार्टी सभी को एकजुट करने में सफल रहती है, तभी यहां कमल खिलने की राह आसान होगी, अन्यथा अंदरूनी कलह चुनावी परिणामों को प्रभावित कर सकती है।

### सबका जनाधार समान

जानकारों के अनुसार, टिकट की दौड़ में शामिल लगभग सभी प्रत्याशियों का जनाधार एक-दूसरे के करीब है। यही वजह है कि पार्टी के लिए किसी एक नाम पर सहमति बनाना आसान नहीं हो रहा। हर दावेदार अपनी ताकत दिखाने में लगा है और समर्थकों के जरिए दबाव बनाने की रणनीति भी अपनाई जा रही है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि बीजेपी इस बार टिकट वितरण में केवल लोकप्रियता ही नहीं, बल्कि खेड़ी और सांपला क्षेत्र का संतुलन, जातीय समीकरण और उम्मीदवार की छवि को भी ध्यान में रख रही है। साथ ही यह भी आकलन किया जा रहा है कि किसे टिकट देने पर बाकी दावेदार उसके समर्थन में आ सकते हैं और कौन बागी बन सकता है।

|| अहिंसा परमो धर्मः ||   || श्री महावीराय नमः ||   || क्षमा वीरस्य भूषणम् ||



आप सभी को

देवाधिदेव 1008 भगवान

# श्री महावीर स्वामी जी

के 2625वें जन्म कल्याणक (जन्म जयंती) की

## हार्दिक शुभकामनाएं

## सस्नेह निमंत्रण

मुनि श्री 108 निश्चिंत सागर जी महाराज एवं आर्यिका रत्न श्री 105 सरस्वती भूषण माता जी के सान्निध्य में

**मांगलिक कार्यक्रम : सोमवार, दिनांक 30 मार्च 2026 सायं 06:30 बजे**

**स्थान : भगवान महावीर पार्क एवं लाइब्रेरी, सिविल रोड, रोहतक**

भक्ति संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लक्की ड्रॉ एवं कीर्ति स्तम्भ पर भव्य दीपमालिका

प्रस्तुतियां
श्री वर्धमान कीर्तन मंडल
रोहतक
एवं
जैन स्कूल के छात्र
व छात्राएं

**स्वर्ण रथ यात्रा**
कूपन राशि 2100/- ड्रॉ द्वारा 6 कूपन निकाले जाएंगे
- श्री जी को स्वर्ण रथ पर लेकर बैठना
- सारथी
- चंवर (दो व्यक्ति)
- कुबेर
- इन्द्र

विशेष आकर्षण
11 चांदी के सिक्के लक्की ड्रॉ
द्वारा निकाले जाएंगे
— सौजन्य से —
माननीय श्री जम्बू जैन जी
Cloud 9, Rohtak

**मंगलवार, दिनांक 31 मार्च 2026 प्रातः 07:30 बजे**

**भव्याति भव्य मनोहरी स्वर्ण रथ यात्रा**

**स्वर्ण रथ यात्रा का शुभारंभ**

श्री जी को स्वर्ण रथ में विराजमान कराकर नगर भ्रमण के लिए जैन जती जी से चलकर झज्जर रोड, अप्रोच रोड, जैन स्थानक रेलवे रोड, दुर्गा भवन मंदिर, गुरुद्वारा, इन्द्रा मार्केट, जैन स्थानक सब्जी मंडी, बाबरा मोहल्ला, पिथवाड़ा मोहल्ला, दिल्ली गेट, शान्त मई चौक से होती हुई श्री दिगम्बर जैन मंदिर, सराय में पहुंचेगी।

**जहां पर मंदिर जी में कूपन द्वारा निकाले गए सौधर्म इन्द्र के द्वारा प्रथम अभिषेक होगा ओर श्री जी का 108 कलशों द्वारा महा मस्तकाभिषेक होगा।**

**पदाधिकारीगण जैन सभा (रजि.) रोहतक**

| रवि जैन | अतुल जैन लोहिया | मनीष जैन (छोटू) | अमित जैन | मुकेश जैन (कसून वाले) |
|---|---|---|---|---|
| प्रधान | उप प्रधान | महामंत्री | संयुक्त मंत्री | कोषाध्यक्ष |

**आयोजक व निवेदक : जैन सभा (रजि.) रोहतक व समस्त जैन समाज**



**राजेश जैन**
एम डी, एल पी एस बोसार्ड

परस्परोपग्रहो जीवानाम् || जियो और जीने दो ||



पेड़ लगाओ
पर्यावरण बचाओ

हम सब मिलकर भगवान से यह प्रार्थना करें कि संसार में शांति स्थापित हो, सभी युद्ध समाप्त हों और हर हृदय में क्षमा, करुणा और प्रेम का भाव बना रहे।

UPS LAKSHMI | LPS BOSSARD Proven Productivity | BP Jain Skill Development Centre

बाहर एमएसपी से महंगी बिक रही

# सरसों बेचने मंडी में नहीं पहुंच रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

रबी खरीद सीजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मंडियों में फसल बेचने आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और खरीद प्रक्रिया पूरी तरह सुगम, पारदर्शी व व्यवस्थित रहे। यह निर्देश सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई समीक्षा बैठक के बाद आयोजित जिला स्तरीय बैठक में दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होगी। सरसों का रेट समर्थन मूल्य से ज्यादा होने की वजह से अभी तक सरकारी एजेंसियों को किसानों ने सरसों नहीं बेची है। सरसों का सरकारी रेट प्रति क्विंटल 6,200 निर्धारित है, जबकि खुले बाजार में किसानों को इससे अधिक कीमत मिल रही है। रोहतक मंडी में रविवार को अव्वल सरसों का रेट 6,650 प्रति क्विंटल रहा।

### कई डिजिटल सुधार लागू

प्रशासन ने इस वर्ष खरीद प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए कई डिजिटल सुधार लागू किए हैं। अब मंडियों में आने वाले सभी वाहनों पर नंबर स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य होगा, जिससे निगरानी बेहतर हो सके। सभी मंडियों को जियो-फेंसिंग के दायरे में लाया गया है, जिससे गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सकेगा।

### अधिकारियों को निर्देश

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति सही रखी जाए और उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित हो। किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए पर्याप्त बारदाना, स्वच्छ पेयजल, बैठने की व्यवस्था, साफ शौचालय और बेहतर कैंटीन सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि खरीदी गई फसल का भुगतान समय पर सीधे किसानों के बैंक खातों में किया जाए।

## एडीसी ने फसल खरीद प्रबंधों का लिया जायजा



महम। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने रविवार को रबी फसल खरीद को लेकर महम अनाज मंडी का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम विपिन शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने मंडी में फसल खरीद के लिए किए गए प्रबंधों का जायजा लिया तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अनाज मंडी में आने वाले किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

25 एकड़ जमीन को लेकर विवाद : कन्हेली रेलवे ओवरब्रिज के पास बनना है भवन

# कोर्ट कॉम्प्लेक्स के साथ लघु सचिवालय भी शिफ्ट हो तो टूटेगा जाम का चक्रव्यूह

*इस जमीन पर शिक्षा विभाग अपना मालिकाना हक जता रहा है, जबकि मदवि इसे अपनी बता रहा है। वहीं, प्रशासन ने इस पर कोर्ट कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए नक्शा हरियाणा के चीफ आर्किटेक्ट को भेज दिया है।*

अमरजीत एस गिल ▸▸| रोहतक

रोहतक में प्रस्तावित नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स को लेकर जमीन का विवाद अब खुलकर सामने आ गया है और यह मुद्दा सिर्फ निर्माण तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि शहर के ट्रैफिक, प्रशासनिक ढांचे और भविष्य की योजना से भी जुड़ गया है। जिस 25 एकड़ जमीन पर जिला प्रशासन कोर्ट कॉम्प्लेक्स विकसित करना चाहता है, उस पर शिक्षा विभाग मालिकाना हक जता रहा है, जबकि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) इसे अपने विस्तार की जमीन बता रहा है। ऐसे में यह मामला अब विकास बनाम अधिकार की सीधी टक्कर बनता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर लोगों का कहना है कि कोर्ट कॉम्प्लेक्स के साथ लघु सचिवालय भी शहर से बाहर कन्हेली रेलवे ओवरब्रिज के पास शिफ्ट हो तो शहर को जाम से मुक्ति मिल सकती है। इससे ट्रैफिक का बड़ा हिस्सा स्वतः ही डायवर्ट हो सकता है। प्रदेश के सभी जिलों में न्यायिक परिसर और लघु सचिवालय एक ही स्थान पर विकसित किए गए हैं, जिससे आमजन को भी सुविधा मिलती है और प्रशासनिक कार्यों में समन्वय भी बना रहता है। ऐसे में रोहतक के लिए भी यही मॉडल कारगर साबित हो सकता है।

### चीफ आर्टिटेक्ट को नक्शा भेजा

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इस जमीन की विश्वविद्यालय के नाम केवल गिरदावरी दर्ज है, जबकि वास्तविक स्वामित्व शिक्षा विभाग के पास माना जा रहा है। इसी आधार पर प्रशासन का तर्क है कि विश्वविद्यालय निर्माण कार्य का विरोध नहीं कर सकता। प्रशासन ने कोर्ट कॉम्प्लेक्स का नक्शा हरियाणा के चीफ आर्किटेक्ट को भेज दिया है और प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की तैयारी कर ली है।



### जमीन पर लंबे समय से टकराव

प्रस्तावित स्थल दिल्ली बाइपास से कन्हेली रेलवे ओवरब्रिज के पास का क्षेत्र है, जिसे ट्रैफिक दृष्टि से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि यह विवाद नया नहीं है। वर्ष 2017-18 में भी इसी जमीन पर गोशाला बनाने का प्रयास हुआ था, जिसका विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों ने तीखा विरोध किया था। अब एक बार फिर वही जमीन टकराव का केंद्र बन गई है।

### जाम सबसे बड़ी समस्या

शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और मौजूदा कोर्ट कॉम्प्लेक्स की सीमित क्षमता को देखते हुए प्रशासन नए परिसर की जरूरत को जरूरी बता रहा है। लेकिन इस पूरी योजना का एक बड़ा सवाल यह है कि क्या केवल कोर्ट कॉम्प्लेक्स को शहर से बाहर शिफ्ट करने से जाम की समस्या का समाधान हो पाएगा। प्रशासन ने इसको लेकर गहन अध्ययन कराना चाहिए। कही ऐसा न हो कि करोड़ों रुपये नए भवन पर खर्च कर दिए जाएं और शहर में वाहनों की फिर भी धकमपेल रहे। शहर के लोग मानते हैं कि जब तक शहर के बीचों-बीच स्थित लघु सचिवालय को भी नई जगह शिफ्ट नहीं किया जाएगा, तब तक ट्रैफिक समस्या जस की तस बनी रहेगी।

### मामले का किया जा रहा अध्ययन

गत शुक्रवार को यूनिवर्सिटी कोर्ट की मीटिंग में जमीन का मामला कोर्ट सदस्य सुनित मुखर्जी द्वारा उठाया गया था। हम मामला का अध्ययन करा रहे हैं। विश्वविद्यालय को लेकर कोई भी निर्णय ईसी की मीटिंग में तय होता है। *-डॉ. कष्णकांत, रजिस्ट्रार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक*

### दोनों इमारतें पुरातत्व विभाग की हद में

इस पूरे मामले को और जटिल बनाता है डीसी की कोठी का अब धरोहर घोषित होना। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के नियमों के अनुसार किसी भी संरक्षित धरोहर के 100 से 300 मीटर के दायरे में नए निर्माण कार्य पर कड़ी पाबंदियां होती हैं। वर्तमान में कोर्ट कॉम्प्लेक्स और लघु सचिवालय दोनों ही इसी दायरे में स्थित हैं, जिससे भविष्य में विस्तार या नए निर्माण की संभावनाएं बेहद सीमित हो जाती हैं। रोहतक में पहले भी जेल को सुनारियां शिफ्ट करने के बाद उसकी जगह हुडा सिटी पार्क विकसित किया गया था। हालांकि इस विकल्प के साथ एक नया विवाद भी जुड़ सकता है। ऐतिहासिक रूप से यह जमीन सैनी समाज द्वारा प्रशासनिक उपयोग के लिए दी गई थी, इस शर्त के साथ कि इसका उपयोग केवल सरकारी कार्यों के लिए होगा, न कि व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए। ऐसे में यदि यहां पार्क या अन्य उपयोग किया जाता है, तो जमीन के अधिकार को लेकर नई बहस खड़ी हो सकती है।

### 51 साल पहले जमीन की थी अधिग्रहित

इस पूरे घटनाक्रम की जड़ वर्ष 1975 में है, जब शिक्षा विभाग ने बोहर और कन्हैली गांवों की लगभग 904 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया था, जिसके बाद महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। समय के साथ विश्वविद्यालय ने अधिकांश जमीन पर अपना ढांचा खड़ा कर लिया, लेकिन कुछ हिस्से अभी भी खाली हैं, जिन पर अब प्रशासन की नजर है। फिलहाल यह मामला कानूनी और प्रशासनिक उलझनों में फंसा हुआ है। यदि सरकार निर्माण को आगे बढ़ाती है, तो विश्वविद्यालय की आपत्तियां नए विवाद को जन्म दे सकती हैं। वहीं, यदि विश्वविद्यालय का दावा मजबूत साबित होता है, तो प्रशासन को वैकल्पिक जमीन की तलाश करनी पड़ेगी। यह जमीन अब सिर्फ एक टुकड़ा नहीं रही, बल्कि यह शहर के भविष्य की दिशा तय करने वाली एक निर्णायक कसौटी बन चुकी है।

# महम में दो हजार बंदर पकड़ने का दिया ठेका

- नगर पालिका ने यमुनानगर की फर्म को दिया टेंडर
- बंदरों के काटने की बढ़ती घटनाओं से लोगों में दहशत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महम

महम शहर में बंदरों की अधिकता हो जाने और उनके द्वारा उत्पात मचाने से महम शहर के लोग पिछले काफी समय से ज्यादा परेशान हैं। बंदर घरों में नुकसान पहुंचा रहे थे और अब तो हालात यह हो गए हैं कि बंदरों की टोलियां गलियों व सड़कों पर कब्जा जमाए मिलती हैं व लोगों को गलियों व सड़कों से गुजरने में डर लगता है। क्योंकि ये बंदर कई लोगों को काट चुके हैं। शहरवासियों की मांग को ध्यान में रखते हुए महम नगर पालिका ने बंदर पकड़ने वाली एक फर्म को ठेका दे दिया है। इसके तहत महम से 2000 बंदरो को पकडा जाना है। कल ही यह टीम यमुना नगर से महम पहुंची है। टीम ने शहर में जगह जगह बंदर पकड़ने वाले पिंजरे रख दिए हैं। जिस तरह शहर में बंदर पकड़ने का अभियान शुरू किया गया है, उससे लगता है कि जल्द ही शहरवासियों को बंदरों से निजात मिल जाएगी। नगर पालिका सचिव नवीन नांदल ने बताया कि महम शहर में घूम रहे उत्पाति बंदरों को पकडवाने का कार्य नगर पालिका महम शुरू करवा दिया गया है।

### एक बंदर के मिलेंगे 868 रु.

बंदरो को पकड़ने के लिए नगर पालिका महम कार्यालय मे प्रतिदिन शिकायतें प्राप्त हो रही थी। महम शहर से बंदरो को पकडने का कार्य अनमोल इंटरप्राइजिज युमनानगर फर्म को दिया गया है। यह फर्म 868 रूपये प्रति बंदर के हिसाब से पैसे लेगी। इस फर्म द्वारा महम शहर से 2000 बंदरो को पकडा जाना है। फर्म द्वारा महम शहर मे जगह जगह पिंजरे लगाकर बंदरो को पकडने का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह टीम अब तक 15-20 बंदरो को पकड़ चुकी है।



## 60 लोगों ने किया रक्तदान

**रोहतक।** बाबा जतिंदर पाल सिंह सोढ़ी की प्रेरणा से रविवार को बाबा बंदा बहादुर चैरिटेबल डिस्पेंसरी एवं डायलिसिस सेंटर डीएलएफ कॉलोनी रोहतक में यूवा सेवा दल के पूर्व प्रधान स्वर्गीय नरेश सचदेवा की याद में बाबा बंदा बहादुर युवा सेवा दल रोहतक द्वारा रक्त दान शिवर लगाया गया। जिसमें 60 रक्त दाताओं ने रक्त दान किया। इस मौके पर बाबा बंदा बहादुर सेवा समिति रोहतक के प्रधान राजिंदर निर्मल, हिमांशु ग्रोवर, मुक्ता नागपाल, प्रेम ढींगरा उप प्रधान, दीपक नागपाल ,सनी हंस उप प्रधान अशोक ठकराल महासचिव, धीरज भयाना गुलशन पहवा , हरीश जावा, दर्शन ढींगरा, तरुण गुलाटी, गुरु दिता जावा,जोगिंदर दुरेजा, इंदर कथूरिया पुनीत खट्टर, गर्वित सचदेवा, अमन, एन.के. गिनोत्रा, पारस सचदेवा, इंदरपाल गुलाटी, नरेंद्र मक्कड़ आदि मौजूद रहे।

# पॉलिटेक्निक टीचर वेलफेयर एसो. चुनाव, परमार फिर अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



जाट भवन में पॉलिटेक्निक टीचर वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस अवसर पर पूरे हरियाणा के लगभग 27 पॉलिटेक्निक संस्थानों से आए सदस्यों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष के पद पर नरसिंह परमार (विभागाध्यक्ष, विद्युत, राजकीय पॉलिटेक्निक सोनीपत), उपाध्यक्ष सरताज सिंह फौगाट (राजकीय पॉलिटेक्निक सोनीपत), महासचिव विपिन कुमार (राजकीय पॉलिटेक्निक भिवानी) , संयुक्त सचिव अमन (राजकीय पॉलिटेक्निक सिरसा) ,कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता (वीटीआई, रोहतक) चयन प्रक्रिया छोटू राम पॉलिटेक्निक के डॉ. सुखबीर सिंह किन्ना के नेतृत्व में संपन्न हुई। दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर नरसिंह परमार ने कहा कि वे विभाग के समग्र विकास तथा शिक्षकों के हितों के संरक्षण एवं उन्नयन के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे।

# आशा कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

स्वस्थ मुख, सुरक्षित भविष्य अभियान के तहत रविवार को एकता कॉलोनी में मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग हरियाणा द्वारा चलाए जा रहे एक माह के विशेष अभियान के अंतर्गत आयोजित हुआ। सेक्टर-3 पॉलीक्लिनिक की दंत चिकित्सक डॉ. पूर्णिमा अरोड़ा ने यूपीएचसी एकता कॉलोनी में आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में दांतों और मुंह की स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. पूर्णिमा ने आशा कार्यकर्ताओं से अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने और किसी भी असामान्य समस्या होने पर मरीज को तुरंत अस्पताल भेजने का आह्वान किया। उन्होंने गर्भवती व प्रसव उपरांत महिलाओं को विशेष रूप से दंत स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी। इस दौरान सही ब्रशिंग तकनीक, संतुलित आहार और तंबाकू से होने वाले मुख कैंसर के प्रति भी जागरूक किया गया।

# गवर्नमेंट कॉलेज में होगी सीएम की रैली: रामचंद्र

पूर्व राज्यसभा सांसद ने कई गांवों में जनसभाएं कर रैली में पहुंचने का न्योता दिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महम



महम में पांच अप्रैल को होने वाली मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रैली महम के राजकीय महाविद्यालय खेल ग्राउंड में आयोजित की जाएगी। रविवार को पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा और भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल ने लाखन माजरा, इंद्रगढ़, भगवतीपुर और महम में लोगों से मिलकर उन्हें रैली में आने का न्यौता दिया। राज्यसभा रामचंद्र जांगड़ा ने यहां जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यह रैली महम के विकास के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण रैली है। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी महम हलके की जनता को कई बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री की रैली अनाज मंडी में प्रस्तावित थी। लेकिन फसल खरीद सीजन को ध्यान में रखते हुए रैली का स्थान बदलकर गवर्नमेंट कॉलेज में कर दिया गया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल ने कहा कि लाखनमाजरा मंडल से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण इस रैली में भाग लेंगे।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान महंत सतीश दास, महेश भारद्वाज, देवेन्द्र अहलावत, विश्वकर्मा जागृति मंच प्रदेश अध्यक्ष सुमित पांचाल, करतार पांचाल, अशोक जांगड़ा, सुभाष जांगड़ा, सतपाल गुलिया, अत्तर सिंह प्रजापत, राघबीर, बलराम कश्यप, बानियां कश्यप, सुमित पंवार, मोनू सुहान, देवेंद्र, सुरेंद्र, जगदीश, सतबीर राठी, अनिल राठी, अजीत सिंह, महिपाल, भूपेंद्र ढुल, विक्रांत ढुल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## फ्री मेडिकल कैंप में 41 मरीजों ने करवाई जांच

**रोहतक।** रविवार को सांघी गांव में मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से बीपी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर पर फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में गांव व आसपास के कुल 41 मरीजों ने पहुंचकर हड्डी और जोड़ों के दर्द से संबंधित जांच व उपचार करवाया। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि गांव में प्रत्येक सप्ताह इस प्रकार के फ्री कैंप लगाए जाते हैं, ताकि जरूरतमंद मरीजों को नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि कैंप का आयोजन समाजसेवी राजेश जैन की देखरेख में किया जा रहा है। संस्था के कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा के अनुसार कैंप में विशेषज्ञ डॉ. अरमान ने मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। डॉक्टर ने अपने अनुभव के आधार पर मरीजों को सही उपचार उपलब्ध करवाया, जिससे लोगों को काफी राहत मिली।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

विकास | आरएसडीबीएम ट्रस्ट शुरू करेगा फेज -2, आत्मनिर्भरता की लिखी जाएगी नई कहानी

# भाली में समाज सेवा की नई उड़ान : हर घर बनाएंगे बेकरी, महिलाओं को मिलेगा घर बैठे रोजगार

एक बेकरी से बढ़ती मांग को पूरा करना संभव नहीं, इसलिए बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

भाली गांव में शुरू हुई यह पहल सिर्फ एक बेकरी नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का मॉडल बनती जा रही है। फेज-2 के साथ यह योजना गांव की महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिखने जा रही है। खास बात ये है कि बेकरी से हुई कमाई गांव के विकास पर ही खर्च होगी। आत्मनिर्भर गांव की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए श्री राम सरन दास भयाना ट्रस्ट अब अपनी बेकरी परियोजना के फेज-2 की शुरुआत करने जा रहा है। इस चरण में 'हर घर में बेकरी' योजना के तहत गांव की महिलाओं को उनके घरों में ही रोजगार उपलब्ध कराने की तैयारी है। फेज-1 में शुरू हुई हॉट ओवन डिलाइट नाम से बेकारी नए आयाम गढ़ रही है। बेकरी को मिल रही सफलता ने इस प्रोजेक्ट को विस्तार देने का रास्ता खोल दिया है। ट्रस्ट का मानना है कि एक ही बेकरी से लगातार बढ़ती मांग को पूरा करना संभव नहीं होगा और रोजगार भी सीमित होंगे। इसलिए घर-घर तक ले जाने की रणनीति बनाई गई है।





### घर-घर लगेगी मशीन

फेज-2 के तहत गांव भाली में इच्छुक महिलाओं के घरों में बेकरी मशीनें लगाई जाएंगी। महिलाएं अपने घर पर ही बिस्किट, कुकीज, पेटीज और अन्य प्रोडक्ट तैयार करेंगी। तैयार माल को मुख्य बेकरी तक पहुंचाया जाएगा, जहां पैकेजिंग के बाद बाजार और संस्थानों में सप्लाई होगी। ट्रस्ट की ओर से महिलाओं को ट्रेनिंग, रेसिपी और ऑर्डर भी दिए जाएंगे, जिससे उन्हें मार्केट की चिंता नहीं करनी पड़ेगी।

### मॉनिटरिंग से फायदा होगा

इस योजना की सबसे खास बात यह है कि जिन घरों में मशीनें लगेंगी, उस जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। इनका एक्सेस दुकानदारों और संस्थानों को दिया जाएगा, ताकि वे अपने ऑर्डर का प्रोडक्शन खुद देख सकें। इससे प्रोडक्ट की गुणवत्ता और ताजगी पर भरोसा बना रहेगा।



### गांव पर खर्च होगा मुनाफे का पैसा

हमारा उद्देश्य सिर्फ गांव कोआत्मनिर्भर बनाना है। इन बेकरी से जो भी लाभ होगा उसे गांव के विकास पर खर्च किया जाएगा। इससे गांव का विकास भी होगा और महिलाओं को घर बैठे रोजगार भी मिलेगा।
*-सुमित भयाना, चेयरमैन, आरएसडी बीएम ट्रस्ट।*

### अभी ये बन रहा

- आटा बिस्किट्स, चॉकलेट,
- कोकोनट, चेरी और मार्बल कुकीज
- जीरा बिस्किट, आलू और पनीर पेटीज, फार्म फ्रेश वेज व पिज्जा

### जल्द जुड़ेंगे ये नए प्रोडक्ट

- ब्रेड और केक, कुलचा और बर्गर
- मफिन, दूध से बने पदार्थ।

### बढ़ेगा रोजगार, गांव बनेगा आत्मनिर्भर

इस योजना से गांव में बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। महिलाएं घर बैठे पैसे कमा सकेंगी। साथ ही, बाहर जाकर नौकरी करने की जरूरत भी कम होगी।

### प्राजेक्ट में प्रशासन भी है साथ

इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने में रोहतक प्रशासन का भी सहयोग मिल रहा है। साथ ही, स्वयं सहायता समूह को जोड़ने की योजना है, जिससे बेकरी को बड़ा मार्केट और नेटवर्क मिलेगा।